पंजाब केसरी 13/02/2024

बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग लेते स्टाफ सदस्य। (देवदत्त)

बैडमिंटन प्रतियोगिता में डा. धर्मवीर सैनी ने मारी बारी

अम्बाला, 12 फरवरी (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कालेज के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा ऑडिटोरियम हॉल में पुरुष स्टाफ सदस्यों के लिए बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया। सभी पुरुष स्टाफ सदस्यों ने इस खेल गतिविधि में बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में डा. धर्मवीर सैनी ने प्रथम, डा. कुलदीप यादव ने द्वितीय और डा. दीपक कुमार ने तृतीय स्थान हासिल किया।

डा. सुरजीत ने सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कार्यवाहक का कार्यभार संभाला। पिछले कुछ वर्षों से डा. सुरजीत बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करते रहे हैं। खेल के समापन पर सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने सभी विजेता खिलाड़ियों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष प्रो. बृजेश विशेष तौर पर उपस्थित रहे।